श्री जैन कन्या पी.जी. महाविद्यालय बीकानेर

वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2021

प्राचार्य प्रतिवेदन

श्री जैन कन्या पी. जी. महाविद्यालय, श्री जैन पाठशाला सभा द्वारा संचालित एक गौरवमयी संस्था है । इस महाविद्यालय की स्थापना 1995 में हुई थी, जो अपने स्थापना से ही बीकानेर में महिला शिक्षा की प्रगति के लिए प्रयासरत है आज महाविद्यालय में तीनों संकायों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की कक्षायें चल रही है ।

सर्वप्रथम हार्दिक आभार प्रंबध कार्य समिति का, जो शहर में छात्राओं के चहुँमुखी विकास के लिए आधुनिक तकनीकी सुविधा युक्त शिक्षा,स्वच्छ,सजग और सौहार्दपूर्ण शैक्षणिक माहौल प्रदान करने हेतु कृत संकल्पित हैं। महाविद्यालय मानव संसाधन विकास मंत्रालय और उच्च शिक्षा निदेशालय राजस्थान सरकार एवं महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के अपेक्षित मानदण्डो की अग्रिम अनुपालना करते हुए छात्राओं को शिक्षा प्रदान करना इस महाविद्यालय की कार्य शैली की खास पहचान रही है। महाविद्यालय में समय–समय पर छात्राओं की नैसर्गिक प्रतिभा को निखारने के लिए अनेकानेक प्रतियोगिताएँ और गतिविधियाँ आयोजित करवाता रहा है, औपचारिक शिक्षा के परिपार्श्व में छात्राओं मे संस्कृति, अध्यात्म, राष्ट्रबोध, समाज सेवा, मानव मूल्यों आदि विकसित करने के लिए महाविद्यालय कई स्थानीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशालाएँ आयोजित करवाता आया है महाविद्यालय में अनुशासनबद्ध माहौल इसी का परिणाम कहा जा सकता है कहते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है की इस महाविद्यालय को अनगिनत छात्राओं ने उधमिता राजकीय सेवा और पेशेवर क्षेत्र में अपने हुनर का परचम फहराया है । अभी हाल ही में **RJS** परीक्षा में महाविद्यालय की 3 छात्राओं का चयन हुआ हैं और साथ ही छात्राओं को आत्मसुरक्षा के गुर निखारने के लिए प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा मार्शल आर्ट का भी प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाता है। महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के मध्य मित्रवत् माहौल विशेष पहचान है, सघन पुस्तकालय और सेवानिष्ठ उच्च योग्यताधारी प्रवक्ता के सतत् निर्देशन व अध्यापन का ही परिणाम है कि महाविद्यालय अपनी स्थापना से लेकर पिछले दो दशकों से निरन्तर उच्च स्तरीय शैक्षणिक परिणाम देकर बीकानेर के शैक्षणिक जगत में उच्च पायदान पर काबिज है । जिसका प्रमाण गत वर्षो का शैक्षणिक परिणाम है जो निम्नलिखित सारणी द्वारा स्पष्ट है:–

कक्षाएँ	सत्र 2018–19			सत्र 2019–20			सत्र 2020–21		
	I	II	III	I	II	III	I	II	III
B.COM.	97.50%	100%	99.43%	100%	100%	99.80%	100%		98.40%
B.A.	97%	97.47%	94.26%	100%	100%	98.38%	100%		99.38%
B.C.A	100%	100%	100%	100%	100%	100%	100%	96.42%	100%
M.COM.(A.B.S.T.)	100%	90.32%		100%	100%		100%	100%	
M.A.(ENGLISH)	77.77%	100%		100%	100%		100%	100%	
M.Sc.IT	100%	80%		100%	100%		-	100%	
M.Sc.CS	100%	100%		100%	100%		100%	100%	

महाविद्यालय की छात्रायें प्रतिवर्ष वरीयता सूचि में अपना स्थान अर्जित करती आ रही है । सत्र 18-19 में महाविद्यालय की 2 छात्राओं ने विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक हासिल किया हैं , और महाविद्यालय की छात्रा मोना रानी को विश्वविद्यालय ने चांसलर पुरस्कार देकर सम्मानित किया हैं । इसके लिए महाविद्यालय परिवार आपका हार्दिक आभार प्रकट करता हैं ।

महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्य के साथ साथ सह शैक्षणिक गतिविधियां नियमित रूप से होती है, जिसमें अन्तःविषय सेमिनार, कार्यशाला व साहित्य एवं सांस्कृतिक संगोष्ठिया व कार्यकम होते रहते हैं । महाविद्यालय की छात्रायें व संकाय सदस्य स्थानीय राष्ट्रीय स्तर की सेमिनारों में भी सहभागिता निभाते रहते हैं । महाविद्यालय के NSS की दोनों इकाइयों के अन्तर्गत एक दिवसीय व विशेष सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं । महाविद्यालय में नियमित रूप से महापुरूषों की जयन्तियां, संगोष्ठियों का आयोजन होता है इसके अलावा महाविद्यालय से प्रतिवर्ष शैक्षणिक भ्रमण के लिये दल जाता है

महाविद्यालय के इस निरंतर प्रगति और उपलब्धि के लिए ह्यर्दिक आभार स्व. सेठ श्री नेमीचन्द जी खंजाची, श्री धनराज जी ढढ्ढा, श्री थानमल जी बोथरा एवं आचार्य श्री तुलसी शान्ति प्रतिष्ठान गंगाशहर के प्रति, जिन्होने अर्थ सहयोग द्वारा महाविद्यालय को साधन सम्पन्न बनाया। विशेष आभार, मैं श्री जैन पाठशाला सभा और श्री जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रंबधकारिणी समिति के प्रति जिनकी प्रेरणा और निर्देशन में महाविद्यालय सफलताओं के शिखर की और अग्रसर है।

महाविद्यालय की अप्रत्याशित सफलता के लिए आभार विभिन्न संस्थाओं, प्रशासन, पुलिस प्रशासन और मीडिया बंधुओं के प्रति जिनके सतत् और सहज सहयोग हम राष्ट्र निर्माण के विषय में यत्‌किचिंत प्रयास कर पाये है।

मेरा विशेष आभार महाविद्यालय के गुणी संकाय सदस्यों, कार्यालय सहायक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्ग के प्रति, जो एक परिवार के रूप मे एकनिष्ठ होकर श्रम करते है, और महाविद्यालय को विशेष पहचान बनाने में सहयोगी बनते रहे है।

एक बार पुनः इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय प्रो. श्री विनोद सिंह जी, एवं उपस्थित सभी गणमान्य महानुभावों का ह्रदय से अभिनन्दन और आभार व्यक्त करती हुं ।

संध्या सक्सेना

डॉ. सन्ध्या सक्सेना

PRINCIPAL
Sh. Jain Kanya P.G. Mahavidyalay
Bikaner